मेरठ परिक्षेत्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

# 24 घंटे में 12 मामलों का खुलासा, 25 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ परिक्षेत्र पुलिस ने डीआईजी कला निधी नैथानी के नेतृत्व में अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। एक ही दिन में हत्या, लूट, धोखाधड़ी और चोरी जैसे 12 संगीन मामलों का खुलासा करते हुए 25 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत कोर्ट में प्रभावी पैरवी से तीन गंभीर मामलों में दोषियों को सजा भी दिलाई गई।



### बुलंदशहर में बाइक चोर धरा व 3 दोषियों को उम्रकैद

अनूपशहर पुलिस ने शातिर बाइक चोर को पकड़कर उसकी निशानदेही पर चोरी की 3 मोटरसाइकिल बरामद कीं। वहीं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत टैंकर लूटकर हत्या करने वाले 3 आरोपियों को आजीवन कारावास और 80-80 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। छेड़छाड़ के एक मामले में 6 साल की जेल व 10 हजार जुर्माना, जबकि दहेज हत्या के 2 दोषियों को 10 व 5 साल के सश्रम कारावास के साथ 23 हजार व 13 हजार रुपये जुर्माना हुआ।

### मेरठ में हज के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

किठौर पुलिस ने हज यात्रा के नाम पर 8 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले 3 वांछितों को दबोचा। गंगानगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने वाले 3 अभियुक्त पकड़े। ब्रह्मपुरी पुलिस ने फायरिंग की घटना के वांछित को गिरफ्तार किया।

### हापुड़ में चोरी व एटीएम फ्रॉड का पर्दाफाश

पिलखुवा पुलिस ने दोहरी सफलता पाई। मकान में हुई चोरी का खुलासा कर 2 अभियुक्तों को सफेद धातु के आभूषण व चाकू सहित पकड़ा। दूसरे मामले में एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर नकदी निकालने वाले 2 फरार आरोपियों को नकदी, अवैध असलहे और बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

### बागपत में मुठभेड़, मेट्रो केबल चोर गिरोह पकड़ा

बड़ौत पुलिस ने छिनैती के आरा. पी को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। उसके साथी को भी पकड़ा गया। दोनों से 2 तमंचे, 4 जिंदा व 2 खोखा कारतूस और बाइक बरामद हुई। खेकड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान 6 लोगों को दिल्ली मेट्रो से चोरी किए गए 70 किलो तार के 2 बंडल व 2 चाकुओं के साथ दबोचा। बड़ौत कोतवाली पुलिस ने हत्या के 2 वांछितों को भी गिरफ्तार किया।

परिक्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस टीमों के काम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। ऑपरेशन कन्विक्शन से त्वरित सजा दिलाकर अपराध पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता है।

## एमआईएम कार्यकर्ताओं ने बांटा शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में बुधवार को भीषण गर्मी को देखते हुए एमआईएम पार्टी के नगर अध्यक्ष अलीशान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच शर्बत का वितरण किया। शर्बत पीकर लोगों ने भीषण गर्मी के बीच राहत की सांस ली और वितरण करने वाले लोगों की जमकर प्रशंसा की।

# ईद-उल-अजहा को लेकर किठौर पुलिस अलर्ट, निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से किठौर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दी। बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सेना एवं कस्बा चौकी प्रभारी मनदीप त्यागी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च मवाना रोड से प्रारंभ होकर कस्बे की मुख्य बाजार, संवेदनशील क्षेत्रों तथा विभिन्न गली-मोहल्लों से होता हुआ हापुड़ स्टैंड तक पहुंचा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। वहीं असामाजिक एवं शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का संदेश दिया गया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि



कुर्बानी खुले स्थानों पर न करें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों और माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने बाजारों और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बकरीद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## पुण्यतिथि पर पंडित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेसियों ने किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को मेरठ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और विकास की मजबूत नींव प्रदान की, जिसे देश सदैव याद रखेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि पंडित नेहरू जी ने देश की एकता, शिक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव अमिट रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, जाहिद अंसारी, राकेश मिश्रा, निशार अब्बासी, केडी शर्मा, राकेश शर्मा, सचिन शर्मा, संजय वर्मा, राजू यादव, विनोद शर्मा, वसीम अंसारी , अनिल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, परवेज आलम, अजय चौधरी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सरधना सीएचसी की समस्याओं को लेकर चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी ने सीएमओ से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया से मुलाकात कर सरधना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थागत कमियों को जल्द दूर कराने की मांग की।

शाहवेज अंसारी ने सीएमओ को बताया कि सीएचसी पर डेंटिस्ट चेयर तो उपलब्ध है, लेकिन आवश्यक उपकरणों की कमी के कारण वह कई महीनों से शोपीस बनकर पड़ी हुई है। उन्होंने तत्काल सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध कराकर दंत चिकित्सा सेवाएं शुरू कराने की मांग की, ताकि क्षेत्रवासियों को निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

इसके अलावा उन्होंने सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन की व्यवस्था कराने की भी मांग रखी। उनका कहना था कि डिजिटल एक्स-रे सुविधा न होने से मरीजों को बाहर जांच करानी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी उठानी पड़ती है। शाहवेज अंसारी ने अस्पताल में डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था कराने पर भी जोर दिया।



उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या के मुकाबले विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी रहती है, जिससे आम लोगों को उपचार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही सीएचसी में ब्लड बैंक शुरू कराने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरधना क्षेत्र की बड़ी आबादी सीएचसी पर निर्भर है, इसलिए यहां स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना बेहद जरूरी है। सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान एडवोकेट शाकिब अंसारी, साजिद अली सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

शाहवेज अंसारी ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जाएगा।

## हज यात्रा के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश, किठौर पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर-हज यात्रा कराने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का किठौर पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों पर धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर कई लोगों से करीब आठ लाख रुपये से अधिक की रकम हड़पने का आरोप है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में थाना किठौर क्षेत्र के गांव जड़ौदा निवासी जब्बार पुत्र जरीफ, उसकी पत्नी नाजमा तथा हापुड़ जनपद के बुलंदशहर रोड स्थित रफीक नगर निवासी रजिया पुत्री साबू शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम ललियाना निवासी जहीर अहमद पुत्र सगीर अहमद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने हज यात्रा पर भेजने का झांसा देकर सुनियोजित तरीके से कई लोगों से रकम वसूली। आरोप है कि आरोपियों ने वीजा, टिकट और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर करीब 8 लाख 6 हजार रुपये एकत्र किए, लेकिन बाद में न तो हज यात्रा कराई और न ही रकम वापस की। शिकायत मिलने के बाद किठौर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच में धोखाधड़ी के आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है कि गिरोह ने और कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिले नए कार्यवाहक प्रधानाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को आयोजित प्रबंधन समिति की बैठक में सीनियर को-ऑर्डिनेटर आकाश मसीह को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्या ए. डीन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए शैक्षणिक सत्र से यह जिम्मेदारी आकाश मसीह को सौंपी गई। नियुक्ति की घोषणा के बाद विद्यालय स्टाफ ने आकाश मसीह को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित विशेष सत्र में उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य और विद्यार्थियों की प्रगति के लिए प्रार्थना भी की।



# दर्जनों मुकदमे भी नहीं दबा सके बदर अली की आवाज, 2027 का किया आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के फैज-ए-आम इंटर कॉलेज से निकलकर शहर की सियासत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बदर अली 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा में हैं। माना जा रहा है कि वे मेरठ से विधानसभा सीट से मजबूत दावेदारी पेश कर सकते हैं। फिलहाल आजाद समाज पार्टी से जुड़े बदर अली इन दिनों घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के विचारों को युवाओं तक पहुंचा रहे हैं। इससे पहले वह सपा और बसपा में राष्ट्रीय अध्यक्षों से मुलाकात कर चुके हैं और वह मेरठ की सियासत में लगातार सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। बदर अली कमजोर लोगों की मदद करने के लिए भी लगातार लोगों से अपील करते रहते हैं। उन्होंने मेरठ सहित आसपास के जिलों में भी अनगिनत लोगों की आर्थिक मदद की है जिसके चलते बदर अली ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है जिसका फायदा अब उन्हें विधानसभा चुनाव में मिल सकता है।



आसपा नेता बदर अली।

### युवा सेवा समिति से शुरू हुआ सफर

बदर अली पहली बार तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने युवा सेवा समिति का गठन किया। कॉलेज-यूनिवर्सिटी के छात्रों से लेकर बेरोजगार युवाओं तक समिति ने कम समय में ही मेरठ के नौजवानों के बीच मजबूत पकड़ बना ली। समिति ने शिक्षा, रोजगार और स्थानीय समस्याओं को लेकर कई अभियान चलाए। इसी जनसमर्थन का नतीजा रहा कि नगर निगम चुनाव में समिति से जुड़े कई चेहरे पार्षद बनकर निगम के सदन पहुंचे। समिति के कार्यकर्ताओं का कहना है कि बदर अली ने हमेशा युवाओं को मंच दिया और उनकी आवाज को प्रशासन तक पहुंचाया और इसी वजह से उन्हें प्रशासनिक लेवल पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और दर्जनों मुकदमे भी झेलने पड़े लेकिन दर्जनों मुकदमे भी बदर अली की आवाज को कमजोर नहीं कर पाए वह लगातार लोगों के बीच बने हुए हैं।

### विवादों से आगे बढ़ी राजनीतिक जमीन

अपनी सक्रियता के दौरान बदर अली का नाम कुछ विवादों से भी जुड़ा। उन पर शहर का माहौल प्रभावित करने के आरोप लगे, पुलिस कार्रवाई हुई और मुकदमे भी दर्ज हुए। समर्थकों का मानना है कि जन आंदोलनों की वजह से उन्हें निशाना बनाया गया, लेकिन जेल से लौटने के बाद भी उनका हौसला नहीं टूटा बल्कि युवा सेवा समिति के जरिए उनकी पकड़ और मजबूत हुई। अब वह उसी जनाधार को विधानसभा चुनाव की ताकत बनाना चाहते हैं जिसके बल पर उन्होंने युवाओं की आवाज उठाई।

### बसपा से आसपा तक का सफर

राजनीतिक गलियारों में बदर अली का नाम उस वक्त भी उछला था जब लोकसभा चुनाव में उनके बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी बनने की अटकलें लगीं। हालांकि अब वह आजाद समाज पार्टी के साथ हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बदर अली बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक युवाओं के बीच चंद्रशेखर आजाद के 'शिक्षा-संघर्ष-एकता' संदेश को ले जाया जा रहा है।

### 2027 पर नजर

फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में रहने वाले बदर अली को स्थानीय लोग जमीन से जुड़ा इंसान मानते हैं। उनका दावा है कि मेरठ शहर को नए नेतृत्व की जरूरत है जो युवाओं की बात करे। फिलहाल वे डोर-टू-डोर संपर्क, नुक्कड़ सभाओं और सोशल मीडिया के जरिए अपना संदेश फैला रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर बदर अली युवा सेवा समिति के नेटवर्क और आजाद समाज पार्टी के कैडर को एक साथ लाने में कामयाब रहे तो 2027 में मेरठ की सियासत में नया समीकरण बन सकता है और पुराने सियासतदारों की सियासत फीकी पड़ने के साथ साथ खतरे में भी पड़ सकती है।

### स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि की सामाजिक पहल बनी 'ग्रीन यूनिवर्सिटी' अभियान की प्रेरणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 'ग्रीन यूनिवर्सिटी' अभियान को जनभागीदारी से जोड़ दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यह पहल केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता, जिम्मेदारी और सतत विकास की भावना को भी मजबूत कर रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में प्रत्येक सप्ताह तीन दिनों तक 'कार-फ्री डे' लागू कर एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिया है। इस पहल का उद्देश्य केवल प्रदूषण नियंत्रण नहीं, बल्कि युवाओं और समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। निजी पेट्रोल और डीजल वाहनों के सीमित उपयोग से परिसर में स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो रहा है तथा विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी सामूहिक रूप से हरित जीवन शैली को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं। जल संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए विश्वविद्यालय परिसर में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) की प्रभावी व्यवस्था विकसित की गई है। यह पहल जल संकट जैसी गंभीर समस्या के प्रति समाज को जागरूक करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश भी दे रही है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वच्छ और हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए परिसर में बैटरी रिक्शा, इलेक्ट्रिक कार और ई-स्कूटर जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आने के साथ-साथ विद्यार्थियों और आगंतुकों के बीच पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा भी मिल रही है। विश्वविद्यालय की यह पहल आधुनिक तकनीक और सामाजिक चेतना के संतुलित समन्वय का उदाहरण बन रही है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम BABAR KHAN से बदलकर BABAR ALI S/O ISRAR रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। -34, MOHALLA BANIYOWALA, KITHORE MEERUT, UP 250104

# विद्युत भार कम करने के लिए अधिकारी कर रहे बिजलीघरों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गर्मियों में बिजली का उपयोग बढ़ने से बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है। रात्रि के समय पीक आवर्स मे लोड बढ़ जाता है। पश्चिमाचंल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत विगत मई 2025 को 10125 मेगावाट थी वहीं इस वर्ष मॉग मे रिकार्ड 875 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है और कुल मांग 11000 मेगावाट हो गई है।

भीषण गर्मी से लोड बढ़ने के कारण विद्युत उपकेन्द्रों तथा ट्रांसफार्मरों पर लोड अधिक है इस स्थिति से निपटने के लिए डिस्कॉम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आरडीएसएस योजना एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत नए बिजलीघर और लाइन बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा हैं, ट्रांसफार्मर की क्षमातावृद्धि, नए बिजलघरों का निर्माण और जहां, बार-बार ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं उनकी क्षमता को बढाकर अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। कटिया आदि पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है, रात्रि के समय पीक आवर्स में लोड बढ़ने के कारणों का पता लगाया जा रहा है अधिक लाइन-हानियों वाले फीडर की जांच की जा रही है। ऐसे स्थानों को भी चिन्हित किया जा रहा है जहां कटिया आदि लगाकर विद्युत चोरी की जा रही है। अधिकारियों द्वारा रात्रि के समय पीक आवर्स में अधिक लाइन हानियों वाले क्षेत्रों मे युद्धस्तर पर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। ब्रेकडाउन एवं आपदा परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु डिस्कॉम के सभी जनपदों में व्यापक स्तर पर तैयारी एवं सतत निगरानी की जा रही है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों मे लगातार निरीक्षण, पेट्रोलिंग एवं आवश्यक मेन्टीनेन्स कार्य किए जा रहे हैं। विशेष रूप से लाइनमैन एवं फील्ड अधिकारियों द्वारा कठिन परिस्थितियों मे फील्ड में रहकर, विद्युत लाईनों, ट्रांसफार्मरों एवं अन्य उपकरणों की मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-माछरा ( मेरठ )

पत्रांक: 347/लेखाकार/निविदा/26-27 दिनांक: 27.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया, उ.प्र. की ओर से अधोहस्ताक्षर द्वारा राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त क्षेत्र पंचायत निधि योजनान्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता दिनांक 03.06.2026 से दिनांक 08.06.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से खाता संख्या प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकारी माछरा के खाते में अथवा कार्यालय में नकद/बैंक में निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कराकर निविदा क्रय कर सकते हैं। निविदा दिनांक 08.06.2026 की अपराहन 02.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जायेगी। धरोहर राशि 10 प्रतिशत होगी जिसमें निविदादाता द्वारा निविदा फार्म के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एस.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी माछरा के नाम बन्धक कराकर देनी होगी, शेष 08 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा कराना होगा अन्यथा ठेकेदार के भुगतान से कटौती कर ली जायेगी। अवकाश/अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। प्राप्त निविदा उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 08.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की अन्य शर्तें/प्राक्कलन/अन्य जानकारी निविदादाता कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा में दर्शायी गयी कार्य की मात्रा/धनराशि घट-बढ़ सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी माछरा में निहित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख) (जी.एस.टी. सहित) | धरोहर राशि 2% | निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित कुल रुपये | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम भटीपुरा में अड्डे के पास हेमपाल पवन की दुकान से राजीव के मकान की ओर इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 7.99 | 16000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 2 | ग्राम पासवाड़ा में डॉ. सिन्दू की दुकान से खाद्य गोदाम की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 8.00 | 16000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 3 | ग्राम पासवाड़ा में गोदाम से राजवाहे की ओर आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 8.99 | 18000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 4 | ग्राम अमरपुर में जाटव बस्ती से आखिर में पानी की टंकी की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क निर्माण कार्य। | 8.00 | 16000 | | 03 माह |
| 5 | ग्राम अमरपुर में हरिजन बस्ती से आखिर में पानी की टंकी की ओर आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 7.80 | 16000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 6 | ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव में जाहिद की नलकूप से कब्रिस्तान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स सड़क निर्माण कार्य। | 8.00 | 16000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 7 | ग्राम नगलासाहू में शकील के मकान से फिरोज के खेत की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 7.50 | 15000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 8 | ग्राम झिड़ियों में रामसिंह के खेत से मुन्ने की ट्यूबवेल तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 8.00 | 16000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 9 | विकास खण्ड माछरा में मीटिंग हाल के सामने कोटा स्टोन का फर्श व पीछे की तरफ इंटरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 9.00 | 18000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 10 | ग्राम गोविन्दपुरी में नरेश के मकान से मुख्य मार्ग पिलखन के पेड़ तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 3.00 | 6000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 11 | ग्राम कायस्थ बढ्डा में छोटे के खेत से तनवीर के खेत तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 3.77 | 8000 | 300+54=354 | 03 माह |
| 12 | ग्राम राधना में इंदरिश के मकान से आकिल के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 3.45 | 7000 | 300+54=354 | 03 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**माछरा ( मेरठ )**

